पंजाब केसरी 11/12/2024

डा. कुलदीप यादव 'वैज्ञानिक ऑफ द ईयर अवार्ड-2024' से सम्मानित

अम्बाला, 10 दिसम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डा. कुलदीप यादव को वाराणसी स्थित बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में आयोजित 3 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय पर्यावरण विज्ञान अकादमी नई दिल्ली द्वारा 'वैज्ञानिक ऑफ द ईयर अवार्ड-2024' से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार प्लांट टिशू कल्चर तकनीक के माध्यम से औषधीय पौधों के संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया।

डा. कुलदीप यादव।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार डा. कुलदीप यादव की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। कालेज प्रबंधन समिति के प्रधान डा. गुरदेव सिंह ने भी उनकी सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल डा. यादव और गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के लिए गर्व का विषय है, अपितु अम्बाला जिले के लिए यह हर्ष एवं गर्व का विषय है।

डा. गुरदेव सिंह ने कहा कि भविष्य में सभी शिक्षकों को ऐसे प्रयास करते रहने चाहिए, जिससे कालेज प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर हो। गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी में वनस्पति विज्ञान विभाग में सहायक प्रोफैसर के रूप में कार्यरत डा. कुलदीप यादव के पास 10 वर्षों का शिक्षण और अनुसंधान का अनुभव है। उनका शोध क्षेत्र लुप्तप्राय औषधीय पौधों का माइक्रो प्रोपेगेशन है, जिसमें वह इन पौधों के संरक्षण और संवर्धन के लिए नए तरीकों का विकास कर रहे हैं।

उन्होंने आंतरिक ख्याति की पत्रिकाओं में 70 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और 3 पुस्तकों का संपादन भी किया है। शोध कार्य के अलावा डा. यादव के नाम पर चार पेटेंट भी हैं, जो उनकी नवीनतम और अनुसंधान क्षमताओं को दर्शाते हैं। वह कई वैज्ञानिक संगठनों के आजीवन सदस्य हैं। डा. यादव ने पुरस्कार के लिए आभार व्यक्त करते हुए इस सम्मान को अपने गुरु प्रो. नरेंद्र सिंह, प्रो. अशोक अग्रवाल और प्रो. जितेंद्र शर्मा को समर्पित किया।